कार्यालय नियंत्रक प्राधिकारी

(महानिदेशक,गृह रक्षा, राजस्थान,जयपुर)
जलेब चौक,जयपुर।

ई–मेल : psa.hgcd.rj@nic.in फोन नम्बर 0141–2612593
Website: http:// home.rajasthan. gov.in/homeguards

क्रमांकः–प.37(2008)गृरमु / पीएसएएल / 2020 / 10078-79 दिनांकः– 25 SEP 2020

कार्यालय आदेश

मैसर्स : चित्रांशु पूर्व सैनिक बहुउद्देशीय सहकारी समिति लाईसेन्स संख्या 743 / CDHG HQ (S-Cell)/2013 दिनांक 20.11.2013 वैद्यता 19.11.2023 (निजी सुरक्षा अभिकरण) द्वारा पूर्व लाईसेन्स अवधि (2013 से 2018) में प्राईवेट सुरक्षा अभिकरण (विनियमन) अधिनियम 2005 की धारा 09 व 10 का उल्लघंन करने पर इस कार्यालय के पत्र क्रमांक 6260 दिनांक 07.03.2019 द्वारा अनुज्ञाधारक श्री संजय माथुर को कारण पृच्छा नोटिस जारी किया गया। अनुज्ञाधारक द्वारा प्रस्तुत नोटिस का जवाब संतोषप्रद एवं तर्क संगत नहीं पाये जाने पर इस कार्यालय के आदेश क्रमांक 3263–64 दिनांक 14.02.2020 द्वारा उक्त अभिकरण के लाईसेन्स को एक माह के लिये निलम्बित किया गया। अनुज्ञाधारक द्वारा लाईसेन्स निलम्बन के संबंध में स्पष्टीकरण प्रस्तुत नहीं करने के कारण उक्त लाईसेन्स की निलम्बन अवधि लाईसेन्स निलम्बन के प्रश्न अवधरित होने तक बढाई गई एवं कार्यालय पत्र क्रमांक 4824 दिनांक 31.03.2020 के द्वारा उक्त अभिकरण का निरीक्षण करने हेतु समादेष्टा, गृह रक्षा प्रशिक्षण केन्द्र, कोटा को पत्र जारी किया गया।

समादेष्टा, गृह रक्षा प्रशिक्षण केन्द्र, कोटा से प्राप्त निरीक्षण रिपोर्ट का अवलोकन करने पर पाया गया कि उक्त अभिकरण द्वारा वर्तमान में प्राईवेट सुरक्षा अभिकरण (विनियमन) अधिनियम 2005 के सभी प्रावधानों व राजस्थान प्राईवेट सिक्यूरिटी एजेन्सी (विनियमन) नियम 2006 के नियमों की पालना की जा रही है। अतः उक्त अभिकरण के लाईसेन्स 743 / CDHG HQ (S-Cell)/2013 दिनांक 20.11.2013 वैद्यता 19.11.2023 (निजी सुरक्षा अभिकरण) को दिनांक 24.09.2020 से पुनः बहाल किया जाता है।

(राजीव दासोत IPS)
(नियंत्रक प्राधिकारी)
महानिदेशक
गृह रक्षा, राजस्थान,
जयपुर

प्रतिलिपिः–सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतुः–

1. श्री संजय कुमार माथुर पुत्र श्री मोहन लाल माथुर निवासी व कार्यालय पता मकान नम्बर–27 / 02, चित्रगुप्त कॉलोनी, महावीर नगर विस्तार योजना, दादाबाडी, कोटा।
2. प्रभारी, कम्प्यूटर शाखा, कार्यालय हाजा को विभागीय वैबसाईट पर अद्यतन (अपलोड) करने बाबत।

(राजीव दासोत IPS)
(नियंत्रक प्राधिकारी)
महानिदेशक
गृह रक्षा, राजस्थान,
जयपुर